दिनांक: 13.08.2025 समय : 18.30 पीएम

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दौसा सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हज़ार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।**

- **युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर कई जागरुकता कार्यक्रम।**

- **79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए व्यापक तैयारियां–विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कल राज्य स्तरीय कार्यक्रम बीकानेर में।**

- **प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में कमी से उमस का असर।**

-----------

दौसा–मनोहरपुर सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हज़ार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय राहत कोष से ये राशि देने का ऐलान किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कई नेताओं ने इस सड़क हादसे पर गहरा दुख जताया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी इस भीषण दुर्घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

बासड़ी चौराहे के पास आज तड़के एक पिकअप और कंटेनर में हुई टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य ज़ख्मी हो गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के शिकार लोग उत्तर प्रदेश के एटा के थे और खाटूश्याम के दर्शन कर लौट रहे थे।

उधर, बीकानेर के गजनेर क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर में डूबने से तीन युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि ये तीनों कोडमदेसर तालाब भैरुजी के दर्शन करने गए थे और रास्ते में ही तालाब में डूब गये।
पाली के गुड़ा एंदला क्षेत्र के कीरवा गांव में आज दो कैम्परों की टक्कर में 40 लोग घायल हो गये। इनका गुडा एंदला और गुंदोज के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।

-----------

जयपुर जिला प्रशासन ने 141 भूमिहीन सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और खेल मैदानों के लिए 496 बीघा से अधिक ज़मीन आवंटित की है। वहीं जयपुर विकास प्राधिकरण को 835 बीघा से अधिक भूमि के लिए 99 आवंटन प्रस्ताव भिजवाए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर हुई इस पहल से बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो सकेंगी।

-----------

माय भारत और स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप फाउंडेशन के बीच आज एक समझौता किया गया। युवा मामलों के मंत्रालय की इस पहल के तहत ज्ञान साझा करने और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए काम किया जाएगा। अगले महीने से देशभर में लागू होने वाले इस समझौते के जरिए 18 से 29 साल के एक

लाख युवाओं को तैयार किया जाएगा। इन्हें लोकनीति, सामाजिक उद्यमिता, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

-----------

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि नशीले पदार्थों की लत सामाजिक ताने–बाने पर बुरा असर डाल रही है, इसे जड़ से मिटाना जरूरी है। आज नई दिल्ली में नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ पर उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आग्रह किया।

--------------

अजमेर में इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। बाड़मेर के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने की शपथ ली।

-----------

लेटिन अमेरिकी देशों के 24 कंटेंट क्रिएटर्स और एन्फ्लुएंसर्स के दल ने चित्तौड़गढ़ का दौरा किया। इनमें ब्राज़ील, अर्जेंटीना, मैक्सिको सहित 12 देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दल ने चित्ताड़ दुर्ग की स्थापत्य कला और राजस्थानी जीवनशैली की जानकारी ली।

-----------

प्रदेश में उद्योगों की पर्यावरण स्वीकृति से जुड़ी पूछताछ के लिए हेल्पलाइन शुरू की गई है। राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण ने ये सुविधा शुरू की है। इस हेल्पलाइन के जरिए हितधारक प्रस्ताव की स्थिति और अन्य जानकारी ले सकेंगे।

-----------

79वां स्वतंत्रता दिवस देशभर में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस राष्ट्रीय पर्व पर दिल्ली में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए देशभर से 210 पंचायत नेताओं को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इनमें प्रदेश से बाड़मेर के सेड़वा क्षेत्र के नवातला, बाखासर ग्राम पंचायत सरपंच भारथाराम सेवर और उनकी पत्नी खेतू देवी शामिल हैं। इस बुलावे पर श्री सेवर ने खुशी ज़ाहिर करते हुए सरकार का आभार जताया है।

--------------

बाड़मेर जिले के ही बाटाडू इलाके की झाक गांव के प्रगतिशील किसान डॉ. देवाराम और उनकी पत्नी को भी स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय समारोह में आमंत्रित किया गया है। श्री पंवार ने परम्परागत और औषधीय खेती को बढावा देने तथा उन्नत तरीके से पशुपालन करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

-----------

जोधपुर में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने आज इन तैयारियों का जाजय़ा लिया। बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में होने वाले इस समारोह का आज पूर्वाभ्यास किया गया।

-----------

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम बीकानेर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। वहीं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में आज जयपुर रेलवे स्टेशन पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। केन्द्रीय संचार ब्यूरो राजस्थान की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला और उत्तर–पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के रेल प्रबंधक रवि जैन ने इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। जोधपुर और अजमेर रेलवे स्टेशनों पर भी चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 को हर साल 14 अगस्त को ये दिन मनाये जाने की घोषणा की थी। देश के विभाजन की त्रासदी की स्मृति में ये दिन मनाया जाता है।

-----------

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देशभर में हर घर तिरंगा अभियान की धूम है। गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में अपने निवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने इस अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज बीकानेर के गंगा शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। जयपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो और वायु सेना स्टेशन की ओर से जल महल की पाल से आमेर महल तक तिरंगा रैली निकाली गई। केन्द्रीय संचार ब्यूरो राजस्थान की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि मोटरसाइकिल रैली में प्रतिभागियों ने जोश और जज़्बे के साथ हिस्सा लिया।

--------------

जयपुर के वायुसेना स्टेशन के ग्रुप कैप्टेन विनय भारद्वाज ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति और राष्ट्र गौरव की अनुभूति करवाता है।

--------------

हनुमानगढ़, नागौर, सलूम्बर, बाड़मेर, अलवर, कोटपूतली–बहरोड़, सवाईमाधोपुर, बारां, पाली, सिरोही सहित विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैलियों और अन्य गतिविधियों में उत्साह से लोगों की सहभागिता नजर आ रही है।

-----------

प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज जयपुर में लोकतंत्र बचाओ पैदल मार्च निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक ये मार्च निकाला गया। इसमें पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता शामिल हुए।

-----------

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की जा रही है। इससे उमस और गर्मी का असर बना हुआ है। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि भरतपुर में आज शाम हल्की बरसात होने से लोगों को उमस से राहत मिली। बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा करीब 3 सेंटीमीटर पानी धौलपुर में बरसा। बारां, बांसवाड़ा और सिरोही से भी हल्की बरसात के समाचार हैं। विभाग ने 15 अगस्त से राज्य के पूर्वी हिस्सों और 16 अगस्त से पश्चिमी भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार जताए हैं।

-----------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

-----------